**SARDAR PATEL UNIVERSITY**
**BA (II Semester) Examination**
**Tuesday, 29th March, 2016**
**10.30 am - 1.30 pm**
**UA02FHIN02 - Foundation Elective Hindi - Paper II**
**(पंचवटी)**

कुल गुण : ७०

प्र.१ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए । (**किन्हीं तीन**) (१५)

क) क्या ही स्वच्छ चाँदनी है यह, है क्या ही निस्तब्ध निशा ।
है स्वच्छन्द-सुमन्द गन्धवह, निरानन्द है कौन दिशा ?
बन्द नही, अब भी चलते है, नियति-नटी के कार्य-कलाप,
पर कितने एकान्त भाव से, कितने शान्त और चुपचाप !

ख) पाप शान्त हो, पाप शान्त हो, कि मैं विवाहित हूँ बाले !
पर क्या पुरुष नहीं होते है दो-दो दाराओं वाले ?
नर-कृत शास्त्रों के सब बन्धन है नारी को ही लेकर,
अपने लिए सभी सुविधाएँ पहले ही कर बैठे नर !

ग) समझो मुझे अतिथि ही अपना, कुछ आतिथ्य मिलेगा क्या ?
पत्थर पिघले, किन्तु तुम्हारा तब भी हृदय हिलेगा क्या ?
किया अधर-दंशन समणी ने लक्ष्मण फिर भी मुसकाये,
मुसकाकर ही बोले उससे, हे शुभ मूर्तिमती माये !

घ) लेकर इतना रूप कहो तुम दीस पडे क्यों मुझे छली ?
चले प्रभात वात फिर भी क्या खिले न कोमल कमल-कली ?
कहने लगे सुलक्षमण लक्ष्मण, हे विलक्षणे ठहरो तुम;
पवनाधीन पताका-सी यों जिधर-तिधर मत फहरो तुम ।।

च) गोदावरी नदी का तट वह ताल दे रहा है अब भी
चंचल जल कल-कल कर मानो तान ले रहा है अब भी !
नाच रहे हैं अब भी पत्ते मन-से सुमन महकते है,
चन्द्र और नक्षत्र ललककर लालच भरे लहकते है ।।

प्र.२ 'पंचवटी' खंडकाव्य का कथानक बताते हुए उसके उद्देश्य पर प्रकाश डालिए । (२०)

**अथवा**

प्र.२ टिप्पणी लिखिए ।

१) पंचवटी में नारी जीवन । २) पंचवटी में प्रकृति चित्रण ।

प्र.३ खंडकाव्य के लक्षणों के आधार पर 'पंचवटी' खंडकाव्य की समीक्षा कीजिए । (२०)

**अथवा**

प्र.३ टिप्पणी लिखिए ।

१) पंचवटी की सीता । २) पंचवटी में शूर्पणखा ।

प्र.४

अ) श्रीराम कॉलेज, वलसाड में हिन्दी विषय के अध्यापक पद हेतु प्राचार्य के नाम आवेदनपत्र लिखिए । (०५)

**अथवा**

अ) नारी के जीवन में शिक्षा का महत्व समझाते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए ।

ब) हिन्दी में अनुवाद कीजिए । (०५)

**વલ્લભભાઈએ જેલયાત્રા પણ વેઠી હતી. દાંડીયાત્રાના પાંચ દિવસ પહેલાં સાત માર્ચના રોજ અંગ્રેજ સરકારે રાસ ગામમાંથી ધરપકડ કરી. તેમને અમદાવાદની સાબરમતી સેન્ટ્રલ જેલમાં રાખવામાં આવ્યા હતા. તે વખતે જેલમાં સજા ભોગવી રહેલા આઝાદીની જંગના આંદોલનકારીઓએ ગગનભેદી નારાઓથી જેલની દિવાલોને ગજવી મૂકી હતી. સરદારની આ જેલયાત્રા કેટલી કઠિન હતી, તેનું વર્ણન મહાદેવભાઈની ડાયરીમાં મળે છે. ધરપકડના ત્રીજા દિવસે મહાદેવભાઈ અને આચાર્ય કૃપલાણીજી સરદારને મળવા જેલમાં ગયા હતા.**

**अथवा**

ब) हिन्दी में अनुवाद कीजिए ।

Dirty air, land and water are dangerous. Dirty air or smog (smoke mixed with fog) is hard to breathe and makes people and animals sick. Dirty water makes people and animals sick when they drink it or wash with it or live in it. It also kills plants. If land absorbs (sucks, drinks in) too much of waste, nothing will grow on it and becomes unfit to live on.

क) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें । (**किन्हीं पाँच**) (०५)

१) दो बार जन्म लेनेवाला –

२) कार्य करनेवाला –

३) जो विज्ञान जानता है –

४) जो जन्म से अंधा है –

५) जहाँ लोगों का मिलन हो –

६) पुत्र का पुत्र –

७) क्रम के अनुसार –

☺☺☺☺☺